# गेहूं खरीद का आढ़तिया फरार किसानों ने किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 अप्रैल.** कृषि उपज मंडी में आज किसानों ने मंडी परिसर में हंगामा खड़ा कर दिया। यह वे किसान है जिन्होंने भरोसे में अपनी साल भर की मेहनत आढ़तिया को थमाई और किसानों का गेहूं समेटने के बाद जब पैसे देने की बारी आई तो आढ़तिया अपनी फर्म का शटर डाउन करके गायब हो गया। इसके खिलाफ आज किसानों ने मंडी में जमकर प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि कृषि उपज मंडी के अफसर इस आढ़तिया से मिले हुए हैं, इसलिए थाने में इसके खिलाफ शिकायत भी नहीं कर रहे हैं। इस मामले में किसान आढ़तिया धर्मवीर भदौरिया के खिलाफ भड़के हुए हैं।

**यह है मामला**

धर्मवीर भदौरिया की कृषि उपज मंडी में आढ़त है। दो साल पहले इसने यह खरीद की थी। इसके बदले में किसानों को चेक थमाए। यही चेक लिए किसान दो साल से धर्मवीर सिंह भदौरिया के चक्कर लगा रहे हैं। जब इनके सब्र का बांध टूट गया तो आज यह



प्रदर्शन करने पहुंच गए। किसानों का कहना है कि धर्मवीर भदौरिया और उसका मुनीम अरविंद शर्मा अब उन्हें लाख तलाश करने पर भी नहीं मिल रहा है। हमारा पैसा फंसा हुआ है

**सबने साधी चुप्पी**

इस मामले में सबसे अहम बात तो यह है कि किसानों के लाखों रुपए फंसे हुए है और सभी जिम्मेदार मौन है। दो साल से किसान कृषि उपज मंडी से लेकर पुलिस के चक्कर लगा रहे है। कृषि उपज मंडी के अफसर किसानों की एक नहीं सुन रहे है और पुलिस यह कहते हुए किसानों को चलता कर देती है कि लेन-देन की पर्ची लाओ। जब किसान चेक दिखाते हैं तो पुलिस कह देती है कि साबित करो कि यह चेक गेहूं की बिक्री के बदले में मिला है। कुल मिलाकर गेहूं सौंपने वाले किसान गेहूं की तरह कृषि उपज मंडी, पुलिस के साथ-साथ धोखेबाजी करने वाले धर्मवीर सिंह भदौरिया के बीच पिस रहे हैं

**आक्रोशित किसानों ने सुनाई अपनी आप बीती**

धर्मवीर की खोज में किसान पिछले दो सालों से लगे हैं। यह किसान दूर-दराज के गांवों के हैं और पूछते-पाछते धर्मवीर सिंह भदौरिया के घर तक पहुंच चुके हैं पर वहां से भी इन्हें भगा दिया जाता है। किसानों से जब इस मामले में बात की गई तो किसान फूट पड़े। उनका कहना था कि हद हो गई है। सारा सिस्टम आरोपी को बचाने के लिए खड़ा है। हम परेशान हो रहे हैं। वहीं इस पूरे घटनाक्रम पर जब एसडीएम नरेश बाबू का पक्ष जानने की कोशिश की गई तो वे वे लगातार मोबाइल कॉल काटते रहे।

# ह्युंडई एक्सटर का भव्य लॉन्च, आधुनिक फीचर्स के साथ ग्राहकों को किया आकर्षित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 अप्रैल.** शहर में ऑटोमोबाइल प्रेमियों के लिए एक खास अवसर उस समय देखने को मिला जब Hyundai Motor India की बहुप्रतीक्षित SUV Hyundai E&ter का भव्य लॉन्च आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, बैंकिंग एवं फाइनेंस सेक्टर के अधिकारियों तथा ग्राहकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान ASM Hyundai के ओनर श्री विनायक गर्ग, सेल्स जीएम श्री गौरव भार्गव एवं सर्विस जीएम श्रीमती आरती जौहरी ने संयुक्त रूप से एक्सटर कार का अनावरण किया। इस मौके पर SBI, महिंद्रा फाइनेंस एवं चोला फाइनेंस के अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने ग्राहकों को आकर्षक फाइनेंस



योजनाओं की जानकारी दी।

Hyundai E&ter को कंपनी ने एक एंट्री-लेवल SUV के रूप में पेश किया है, जो खासतौर पर युवाओं और फैमिली ग्राहकों को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई है। इस कार में 1.2 लीटर का पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो मैनुअल और AMT (ऑटोमेटेड मैनुअल ट्रांसमिशन) दोनों विकल्पों में उपलब्ध है। इसके अलावा CNG वेरिएंट भी पेश किया गया है, जो बेहतर माइलेज और किफायती ड्राइविंग का विकल्प देता है।

फीचर्स की बात करें तो Hyundai E&ter में 8 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले





सपोर्ट, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, इलेक्ट्रिक सनरूफ, 6 एयरबैग्स (स्टैंडर्ड), रियर पार्किंग कैमरा और सेंसर जैसे आधुनिक और सेफ्टी फीचर्स शामिल हैं, जो इसे अपने सेगमेंट में खास बनाते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहक शर्मा ने कार की सराहना करते हुए कहा कि 'इस बजट में इतने एडवांस फीचर्स मिलना वास्तव में शानदार है, और यह कार युवाओं के साथ-साथ परिवारों के लिए भी एक बेहतरीन विकल्प है।'

अंत में आयोजकों ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया और बताया कि Hyundai E&ter शहर के ग्राहकों के बीच एक नया ट्रेंड सेट करने के लिए तैयार है।

## भारतीय डाक विभाग में एजेंट का चयन 30 अप्रैल तक

ग्वालियर 15 भारत सरकार भारतीय डाक विभाग में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यवसाय अर्जन के लिए डायरेक्ट सेल्स एजेन्ट के लिए इंटरव्यू आयोजित कर रहा है। ग्वालियर डाक संभाग के प्रवर अधीक्षक के अनुसार साक्षात्कार 30 अप्रैल तक लिए जाएंगे। आवेदक सुबह 11:30 बजे अपने समस्त दस्तावेज के साथ कार्यालय अधीक्षक डाकघर ग्वालियर संभाग में उपस्थित होवें। ऐसे आवेदक जो 10वीं पास हो व कम्प्यूटर का जिन्हें ज्ञान हो वो इस इंटरव्यू में भाग ले सकते है। और अधिक जानकारी डाक जीवन बीमा (विकास अधिकारी श्याम शर्मा मोबा. 9425419155 से कॉल कर जानकारी ल सकते हैं।

## चुभने लगी धूप, सुबह से टपकने लगा पसीना

**ग्वालियर 15 अप्रैल.** अप्रैल माह का दूसरा पखवाड़ा शुरू होते ही सूर्यदेव ने अपने तेवर तीखे कर दिए हैं, जिसके कारण आज सुबह से ही तीखी गर्मी हो गई है, सुबह 9 बजे घर के बाहर खुले में निकलने पर लोगों के माथे पर पसीना आने लगा, थोड़ी देर बाहर रहने पर कपड़े पसीने से तरबतर होने लगे। शहर का न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 0.6 डिग्री अधिक है, जबकि अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक है। वहीं हवा में नमी की मात्रा 59 प्रतिशत रही जो कि सामान्य से 20 प्रतिशत अधिक है। गर्मी के तीखे तेवर शुरू हो गए हैं, जिसके कारण आने वाले दिनों में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है, मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी और तेज होने वाली है.

# ग्वालियर में सरकारी स्कूलों का दबदबा बोर्ड नतीजों में प्राइवेट स्कूलों को पछाड़ा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 अप्रैल.** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज घोषित किए गए 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में ग्वालियर जिले के सरकारी स्कूलों ने सफलता का नया परचम लहराया है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस बार सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन निजी संस्थानों की तुलना में काफी बेहतर रहा है।

**आंकड़ों की जुबानी, सरकारी बनाम प्राइवेट**- ग्वालियर जिले में इस बार सरकारी स्कूलों के 65.95 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। इसके उलट, निजी स्कूलों का पास प्रतिशत मात्र 58.84 रहा। यह अंतर स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर और विद्यार्थियों की मेहनत में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है।

**सकारात्मक बदलाव का संकेत**- विशेषज्ञों और शिक्षाविदों का मानना है कि यह परिणाम आने वाले समय में सरकारी स्कूलों की छवि को और मजबूत करेगा। आंकड़ों से यह भी साफ है कि सरकारी स्कूलों के छात्रों ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन के दम पर निजी स्कूलों से बेहतर प्रदर्शन किया है।

## अवन्या जैन के सीबीएसई बोर्ड में 10वीं की परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक



ग्वालियर। मेधावी छात्रा कु. अवन्या जैन ने सी.बी.एस.ई. बोर्ड में 10वीं की परीक्षा 95 .4 प्रतिशत शानदार अंकों के साथ उर्त्तीण कर परिवार और समाज के गौरव में वृद्धि की है। कु. अवन्या जैन नगर की प्रतिष्ठित विज्ञापन एजेंसी अतुल एडवरटाईजमेंट प्रा. लि. के डायरेक्टर रूपेश जैन एवं श्रीमती रेखा जैन की सुपुत्री हैं। दुर्गापुरी, तानसेन रोड निवासी कु. अवन्या जैन ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता पिता एवं गुरुजनों के आशीर्वाद तथा मार्गदर्शन को दिया है। शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। अवन्या जैन ग्वालियर ग्लोरी हाई स्कूल की नियमित छात्रा हैं।

## खुशी तिवारी ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किए



ग्वालियर। गणेश कॉलोनी, नया बाजार निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश चंद्र तिवारी (पिंकी पंडित) एवं श्रीमती जयश्री तिवारी की सुपुत्री खुशी तिवारी ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार और समाज का नाम रोशन किया है। वे गायत्री इंग्लिश मीडियम, सिटी सेंटर की छात्रा हैं। मेधावी छात्रा खुशी ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता के आशीर्वाद एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है।

## तपस्या शर्मा ने 10वीं में लहराया परचम, हासिल किए 93 .2 प्रतिशत अंक




ग्वालियर। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणामों में तपस्या शर्मा (टिया) ने शानदार सफलता हासिल की है। किडीज कॉर्नर हायर सेकेंडरी स्कूल, नया बाजार की छात्रा तपस्या ने 93 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। तपस्या की इस उपलब्धि पर उनके पिता दीपक शर्मा और माता एडवोकेट गीतांजलि शर्मा सहित परिवार में खुशी का माहौल है। तपस्या ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग को दिया है। विद्यालय प्रबंधन ने भी छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे बधाई दी है।



# एलआईसी कार्यालय में डॉ. आंबेडकर की जंयती मनी

**ग्वालियर 15 अप्रैल.** भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबासाहब डॉ. अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम पवन कुमार वर्णवाल वरिष्ठ मंडल प्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आर एस मोहनिया विपणन प्रबंधक एवं अधिकारी /कर्मचारी व कार्मिक संगठनों के पदाधिकारीगण और अन्य अतिथियों के बीच संपन्न हुआ। प्रबंधक आदेश गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत भाषण से स्वागत किया गया। वरिष्ठ मंडल प्रबंधक द्वारा बाबा साहब डॉ अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आए विभिन्न कार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी बाबा साहब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एन.पी.आर्य ने किया। अंत में जयसिंह धुर्वे के द्वारा आभार व्यक्त किया गया ।





स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95